फा.सं. ई-11014/7/2024-हिंदी पखवाड़ा / 276

भारत सरकार

केन्द्रीय जल आयोग

हिंदी अनुभाग

कक्ष संख्या 300, पुस्तकालय भवन,
रामकृष्ण पुरम, नई दिल्ली-66

दिनांक: 17 सितंबर, 2025

## शुद्धि-पत्र

**विषय: हिंदी पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत हिंदी टंकण प्रतियोगिता हेतु राजपत्रित अधिकारियों की प्रतिभागिता के संबंध में।**

केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय) में आयोजित की जा रही हिंदी प्रतियोगिताओं के क्रम में दिनांक 16.09.2025 को टंकण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें आयोग के कर्मचारियों एवं कतिपय अधिकारियों ने भाग लिया।

दिनांक 26.08.2025 को प्रतियोगिताओं में नामांकन हेतु वेबसाइट पर जारी किए गए प्रपत्र में त्रुटिवश **दिनांक 16.09.2025 को हिंदी टंकण प्रतियोगिता (कंप्यूटर पर)** हेतु पात्रता निर्धारण के संबंध में "**सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए**" के स्थान पर "**सभी अराजपत्रित कर्मचारियों के लिए**" अंकित हुआ है।

इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि **हिंदी टंकण प्रतियोगिता के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पात्र** हैं।

अतः दिनांक 16.09.2025 को आयोजित हिंदी टंकण प्रतियोगिता में भाग न ले पाने वाले इच्छुक केवल राजपत्रित अधिकारियों के लिए **दिनांक 19.09.2025 को अपराह्न 03.30 बजे से हिंदी अनुभाग, कक्ष संख्या 300, पुस्तकालय भवन, के.ज.आ.** में टंकण प्रतियोगिता पुनः आयोजित की जाएगी।

रोज़ी शर्मा

(रोज़ी शर्मा)
सहायक निदेशक (रा.भा.)
दूरभाष: 011-29583720

**सभी राजपत्रित अधिकारी (वेबसाइट के माध्यम से)**